आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

भानिवार 17.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ देशों से एक—दूसरे की ताकत बनने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में चिकित्सकों की हड़ताल से देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के दिए निर्देश।
- राज्य मंत्रिमंडल ने 21 अगस्त से गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट को प्रस्तुत करने की स्वीकृति दी।

**ग्लोबल साउथ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने तथा एक दूसरे की ताकत बनने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ वर्चुअल सम्मेलन में अपने प्रारम्भिक वक्तव्य में अनिश्चिता और चुनौतीपूर्ण मौजूदा वैश्चिक माहौल पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विश्व अभी कोविड के प्रभाव से पूरी तरह नहीं उभरा है और विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे टकरावों ने ग्लोबल साउथ देशों की विकास यात्रा के लिए बडी चुनौती पैदा कर दी है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि ये देश जलवायु परिवर्तन के साथ—साथ स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ यंग डिप्लोमैट फोरम के शुभारंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्लोबल साउथ एक्सीलेंस सेंटर क्षमता निर्माण, कौशल विकास और ज्ञान साझा करने पर काम कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भारत का मिशन — एक विश्व—एक स्वास्थ्य और विजन — ''आरोग्य मैत्री'' है।

**देशव्यापी हडताल**

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ— आई.एम.ए. ने आज 24 घण्टे की देशव्यापी हडताल का आह्वान किया है। संगठन ने इस मामले में न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। संगठन की अपील को देखते हुए इस हडताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हुए। हडताल के कारण उत्तराखंड में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हैं। राज्य मेडिकल कॉलेज के जूनियर और रेजिडेंट डॉक्टर कार्यस्थल पर चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर हडताल पर हैं। राजधानी देहरादून, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हरिद्वार समेत राज्य के अन्य जिलों में आपातकालीन और ओपीडी सुविधाओं के बंद होने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा। इस बीच, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि डॉक्टरों के साथ हिंसा के मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## नियुक्ति पत्र
शिक्षामंत्री डा. धन सिंह रावत ने नैनीताल जिले के हल्द्वानी में 48 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि जिले के 100 प्रतिशत विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस माह प्रदेशभर में 3 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। डॉ रावत ने कहा कि आगामी दिसम्बर तक विद्यालयों में दो हजार पांच सौ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

## शैक्षिक सम्मान समारोह
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि छात्र–छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए सरकार कटिबद्ध है। श्री जोशी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार शिक्षाविद व राष्ट्रभक्त, चिन्तक व लेखक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर है जिन्हें अन्त्योदय का प्रणेता कहा जाता है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्यों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## अजय टम्टा
केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने पिथौरागढ़ में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया है। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें समय पर पूरा करने को कहा। पत्रकारों से बातचीत में श्री टम्टा ने कहा कि कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र में सड़कों की स्थिति सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार ने खाका तैयार कर लिया है और जल्द ही इसे अमल में लाया जाएगा।

## राज्य मंत्रिमंडल
राज्य मंत्रिमंडल ने आगामी 21 अगस्त से गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट को प्रस्तुत करने की स्वीकृति दे दी है। आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में राज्य से जुड़े कई विधेयकों को भी सत्र में प्रस्तुत करने की मंजूरी दी गयी। राज्य की सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में मृतक आश्रितों को उनकी पात्रता, योग्यता व रिक्तियों के आधार पर नियमानुसार सेवायोजित किए जाने पर सहमति बनी है।

## विधानसभा सत्र
उत्तराखंड विभानसभा का मॉनसून सत्र आगामी 21 अगस्त से चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में आहूत किया जाएगा। शासन–प्रशासन ने सत्र की तैयारियां शुरू कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने आज देहरादून स्थित विधानसभा भवन में अधिकारियों के साथ सत्र की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अधिकारियों को गैरसैंण स्थित विधानसभा भवन में पानी, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गये हैं।

## रिश्वत
हल्द्वानी स्थित सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर की ट्रैप टीम ने उत्तराखंड परिवहन निगम काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक अनिल कुमार सैनी को 9 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सतर्कता अधिष्ठान के अनुसार आरोपी पर तीन अनुबंधित बसों के सुचारू संचालन के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने का आरोप है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सतर्कता अधिष्ठान की टीम आरोपी के आवास की तलाशी ले रही है और उसकी चल–अचल संपत्तियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## ध्वस्तीकरण
उधमसिंहनगर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने किच्छा क्षेत्र में 14 दशमलव पांच पांच एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनियों की सड़कों और निर्माणाधीन मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। इस संबंध में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला ने बताया कि किच्छा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से कब्जा की गई भूमि पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि विधिवत मानचित्र स्वीकृति के बाद ही निर्माण कार्य करें।

**मौसम**

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में आज मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिला। सुबह धूप खिली रही, जबकि दोपहर के समय कहीं—कहीं आसमान में हल्के बादल छाए रहे। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों का मौसम पूर्वानुमान जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार राज्य में आगामी 21 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं। अगले पांच दिन राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और भूस्खलन से लगभग 1 सौ 15 मोटर मार्ग अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं।

**लक्ष्य सेन**

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पहली बार अपने गृह जनपद अल्मोड़ा पहुंचे। अल्मोड़ा पहुंचने पर खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर लक्ष्य सेन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला और वे आगे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में डेनमार्क के विश्व नंबर 1 विक्टर एक्सेलसन से हारने के बाद पदक जीतने से चूक गए।